प्रेस को जानकारी टिप्पण (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 81 / 2020)

तत्काल जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

सेवा की गुणवत्ता की समीक्षा (मीटरिंग और बिलिंग सटीकता हेतु पद्धति सहिंता) विनियम, 2006 संबंधी परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने हेतु समय सीमा को बढ़ाया जाना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, 2020ः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने सेवा की गुणवत्ता की समीक्षा (मीटरिंग और बिलिंग सटीकता हेतु पद्धति संहिता) विनियम, 2006 संबंधी परामर्श पत्र पर हितधारकों की टिप्पणियां आमंत्रित की थी। हितधारकों से लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए, दिनांक 20 सितम्बर, 2020 तथा प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए दिनांक 13 अक्तूबर, 2020 को अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था।

1. हितधारकों ने परामर्श पत्र पर अपनी टिप्पणियां भेजने के लिए समय सीमा को बढ़ाए जाने की मांग की है। इसके मद्देनजर, हितधारकों से लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि दिनांक 27 अक्तूबर, 2020 तथा प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए 10 नवम्बर, 2020 निर्धारित करने का निर्णय लिया गया है।
2. टिप्पणियों तथा प्रति टिप्पणियों को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में advqos@trai.gov.in पर भेजा जाए। किसी भी स्पष्टीकरण अथवा जानकारी के लिए श्री असित कादयान, सलाहकार (सेवा की गुणवत्ता), भादूविप्रा से दूरभाष नम्बर +91–11–23230404 और फैक्स नम्बर +91–11–23213036 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0 / –
(एस0 के0 गुप्ता)
सचिव, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>